**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

**टी.बी.सी. : DZOL–D–LKG**

**परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

**क्रम संख्या**

1188621

# परीक्षण पुस्तिका

## सामान्य ज्ञान

**A**

**समय : दो घण्टे**

**पूर्णांक : 100**

## अ नु दे श

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें।
2. **कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में उचित स्थान पर रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D को ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है। किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर **और कुछ न** लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए **केवल एक ही** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर **ही** अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखें।
6. **सभी** प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर **केवल उत्तर-पत्रक** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक, परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

*Note* : English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.

**1.** बजट अनुमान 2019–20 के अनुसार संघीय सरकार के कर प्राप्ति के कुछ महत्त्वपूर्ण स्रोत निम्नलिखित हैं :

1. निगम कर
2. निगम कर के अतिरिक्त आय पर कर
3. वस्तु एवं सेवा कर
4. संघीय उत्पाद शुल्क

निम्नलिखित में से कौन-सा जी० डी० पी० के प्रतिशत के रूप में उपर्युक्त कर प्राप्ति का सही अवरोही क्रम है?

*(a)* 1, 2, 3, 4

*(b)* 1, 3, 2, 4

*(c)* 3, 2, 1, 4

*(d)* 2, 4, 3, 1

**2.** विश्व बैंक के कारोबार में सुगमता श्रेणीक्रम के अनुसार वर्ष 2014 में भारत का क्रम (रैंकिंग) 142 था, वर्ष 2019 में इसमें सुधार होकर यह क्रम (रैंकिंग) 63 हुआ। इस अवधि में, निम्नलिखित में से किस मानदंड (पैरामीटर) में भारत के क्रम में गिरावट आयी है?

*(a)* कारोबार आरंभ करने की सुगमता

*(b)* विद्युत् की उपलब्धता

*(c)* संपत्ति का पंजीकरण

*(d)* कर का भुगतान

**3.** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

*(a)* अधिनियम को वर्ष 2013 में अधिनियमित किया गया था।

*(b)* अधिनियम को वर्ष 2014 में लागू किया गया था।

*(c)* अधिनियम 67 प्रतिशत जनसंख्या को अत्यधिक सहायिकी-प्राप्त (सब्सिडाइज़्ड) अनाज पाने के लिए कानूनी रूप से हकदार बनाता है।

*(d)* अधिनियम को सभी राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में लागू नहीं किया जा रहा है।

**4.** 2019–20 के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं है**?

*(a)* वृद्धि दर में अवमंदन हुआ है।

*(b)* बजट अनुमान की तुलना में कर राजस्व में सुस्त वृद्धि हुई।

*(c)* जी० डी० पी० के प्रतिशत के रूप में राजकोषीय घाटा, बजट अनुमान के अनुरूप है।

*(d)* गैर-कर राजस्व में काफ़ी अधिक वृद्धि दर्ज (रजिस्टर) हुई है।

**5.** 2019–20 के दौरान प्रमुख सहायिकी (सब्सिडी) पर व्यय के बजट अनुमान के अनुसार निम्नलिखित में से किस पर सर्वाधिक व्यय होना था?

*(a)* यूरिया सहायिकी

*(b)* पेट्रोलियम सहायिकी

*(c)* भोजन सहायिकी

*(d)* उर्वरक सहायिकी

**6.** निम्नलिखित में से भारत के किस स्थान पर वर्ष में न्यूनतम वर्षा होती है?

*(a)* जोधपुर

*(b)* लेह

*(c)* नयी दिल्ली

*(d)* बेंगलुरु

**7.** सामान्यतः इमारती लकड़ी की वनस्पति निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में **नहीं** पायी जाती?

*(a)* उपोष्ण (सब-ट्रॉपिकल) क्षेत्र

*(b)* शीतोष्ण (टेंपरेट) क्षेत्र

*(c)* अल्पाइन क्षेत्र

*(d)* टुंड्रा क्षेत्र

1. As per the Budget Estimates of 2019–20, the following are some of the important sources of tax receipts for the Union Government :

   1. Corporation Tax
   2. Taxes on Income other than Corporation Tax
   3. Goods and Services Tax
   4. Union Excise Duties

   Which one of the following is the correct descending order of the foresaid tax receipts as a percentage of GDP?

   *(a)* 1, 2, 3, 4
   *(b)* 1, 3, 2, 4
   *(c)* 3, 2, 1, 4
   *(d)* 2, 4, 3, 1

2. As per the World Bank's Ease of Doing Business Ranking, India's rank has improved from 142 in 2014 to 63 in 2019. During this period, in which of the following parameters has India's rank deteriorated?

   *(a)* Ease of starting a business
   *(b)* Getting electricity
   *(c)* Registering property
   *(d)* Paying taxes

3. Which one of the following statements with regard to the National Food Security Act is ***not*** correct?

   *(a)* The Act was enacted in the year 2013.
   *(b)* The Act was rolled out in the year 2014.
   *(c)* The Act legally entitles 67 percent of the population to receive highly subsidised food grains.
   *(d)* The Act is not being implemented in all the States/Union Territories.

4. Which one of the following statements about Indian economy during 2019–20 is ***not*** correct?

   *(a)* There has been deceleration in growth rate.
   *(b)* There has been sluggish growth in tax revenue relative to the Budget Estimates.
   *(c)* Fiscal deficit as percentage of GDP has been as per the Budget Estimates.
   *(d)* The non-tax revenue registered a considerably higher growth.

5. As per the Budget Estimates of expenditure on major subsidies during 2019–20, the maximum expenditure was likely to be on

   *(a)* urea subsidy
   *(b)* petroleum subsidy
   *(c)* food subsidy
   *(d)* fertilizer subsidy

6. Which one of the following Indian places receives minimum rainfall in a year?

   *(a)* Jodhpur
   *(b)* Leh
   *(c)* New Delhi
   *(d)* Bengaluru

7. Timber vegetation is generally ***not*** found in which of the following regions?

   *(a)* Subtropical region
   *(b)* Temperate region
   *(c)* Alpine region
   *(d)* Tundra region

**8.** भारत में किस वर्ष में जनसंख्या की दशकीय वृद्धि दर प्रतिशत के रूप में सर्वाधिक थी?

(a) 1991

(b) 1981

(c) 1971

(d) 1961

**9.** समताप रेखा, जो जनवरी माह में भारत को उत्तर-दक्षिण, लगभग दो सम भागों में विभाजित करती है, निम्नलिखित में से कौन-सी है?

(a) 10 °C

(b) 25 °C

(c) 15 °C

(d) 20 °C

**10.** निम्नलिखित में से कौन-सा उष्णकटिबंधीय (ट्रॉपिकल) सवाना जलवायु को सूचित करता है?

(a) Aw

(b) Dfc

(c) Cwg

(d) Am

**11.** भारत का बृहत्तम भौगोलिक क्षेत्र निम्नलिखित में से किस प्रकार की मृदा से आच्छादित है?

(a) इंसेप्टिसोल

(b) एंटीसोल

(c) अल्फिसोल

(d) वर्टिसोल

**12.** निम्नलिखित में से कौन-सा नगर भूमध्यरेखा के सबसे निकट है?

(a) मोगादिशू

(b) सिंगापुर

(c) कोलम्बो

(d) मनीला

**13.** भारत सरकार विधेयक (गवर्नमेंट ऑफ इंडिया बिल), 1919 पर गठित संयुक्त प्रवर समिति के समक्ष महिला मताधिकार के पक्ष में इनमें से किसने/किन्होंने साक्ष्य दिया?

1. श्रीमती एनी बेसेंट
2. श्रीमती सरोजिनी नायडू
3. श्रीमती हीराबाई टाटा

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

**14.** निम्नलिखित में से किस स्थान पर मिर्ज़ा गुलाम अहमद द्वारा अहमदिया आंदोलन प्रारम्भ किया गया था?

(a) पटना

(b) अलीगढ़

(c) भोपाल

(d) गुरदासपुर

**8.** Decadal growth rate of population in percentage was highest in India in the year

*(a)* 1991

*(b)* 1981

*(c)* 1971

*(d)* 1961

**9.** The Isotherm Line, which divides India North-South in almost two equal parts in the month of January, is

*(a)* 10 °C

*(b)* 25 °C

*(c)* 15 °C

*(d)* 20 °C

**10.** Which one of the following indicates the Tropical Savannah climate?

*(a)* Aw

*(b)* Dfc

*(c)* Cwg

*(d)* Am

**11.** The largest geographical area of India is covered by which one of the following types of soils?

*(a)* Inceptisols

*(b)* Entisols

*(c)* Alfisols

*(d)* Vertisols

**12.** Which one of the following cities is closest to the Equator?

*(a)* Mogadishu

*(b)* Singapore

*(c)* Colombo

*(d)* Manila

**13.** Who among the following gave evidence before the Joint Select Committee on the Government of India Bill, 1919 in favour of female franchise?

1. Mrs. Annie Besant
2. Mrs. Sarojini Naidu
3. Mrs. Hirabai Tata

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**14.** In which one of the following places was the Ahmadiyya Movement started by Mirza Ghulam Ahmad?

*(a)* Patna

*(b)* Aligarh

*(c)* Bhopal

*(d)* Gurdaspur

**15.** कलकत्ता में 1939–40 के दौरान सुभाष चंद्र बोस ने हालवेल स्मारक को नष्ट करने के लिए किसके साथ मैत्री की थी?

(a) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी

(b) मुस्लिम लीग

(c) हिन्दू महासभा

(d) यूनियनिस्ट पार्टी

**16.** इनमें से किसने 1920 में प्रथम ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन काँग्रेस की स्थापना की थी?

(a) बी० पी० वाडिया

(b) एस० ए० डांगे

(c) एन० एम० जोशी

(d) बी० टी० रणदिवे

**17.** निम्नलिखित में से कौन-सी, सही अर्थों में, भारत की प्रथम ट्रेड यूनियन थी?

(a) बॉम्बे लेबर यूनियन

(b) अहमदाबाद लेबर यूनियन

(c) मद्रास लेबर यूनियन

(d) इलाहाबाद लेबर यूनियन

**18.** इनमें से किसने 1914 में सेवा समिति बॉय स्काउट्स एसोसिएशन का गठन किया था?

(a) हृदय नाथ कुंजरु

(b) एस० जी० वाझे

(c) एनी बेसेंट

(d) श्री राम बाजपेयी

**19.** निम्नलिखित में से कौन-सा लोक सभा के महासचिव के विषय में सही **नहीं** है?

(a) महासचिव, अध्यक्ष (स्पीकर) का सलाहकार है।

(b) महासचिव, अध्यक्ष (स्पीकर) के नाम से प्राधिकार के अधीन कार्य करता है।

(c) महासचिव, अध्यक्ष (स्पीकर) द्वारा प्रत्यायोजित प्राधिकार के अधीन कार्य करता है।

(d) महासचिव, अध्यक्ष (स्पीकर) के नाम से आदेश पारित करता है।

**20.** इनमें से किसने 1942 में सभा (असेंब्लि) के गोपनीय बैठक सत्र का प्रस्ताव रखा?

(a) एम० एस० अने

(b) जी० वी० मावलंकर

(c) सी० एम० स्टीफ़ेन

(d) ए० अय्यंगर

**15.** With whom did Subhas Chandra Bose form an alliance to destroy the Holwell Monument in Calcutta during 1939–40?

*(a)* The Communist Party of India

*(b)* The Muslim League

*(c)* The Hindu Mahasabha

*(d)* The Unionist Party

**16.** Who among the following created the first All India Trade Union Congress in 1920?

*(a)* B. P. Wadia

*(b)* S. A. Dange

*(c)* N. M. Joshi

*(d)* B. T. Ranadive

**17.** Which one among the following was India's first trade union in the proper sense of the term?

*(a)* Bombay Labour Union

*(b)* Ahmedabad Labour Union

*(c)* Madras Labour Union

*(d)* Allahabad Labour Union

**18.** Who among the following formed the Seva Samiti Boy Scouts Association in 1914?

*(a)* Hriday Nath Kunzru

*(b)* S. G. Vaze

*(c)* Annie Besant

*(d)* Shri Ram Bajpai

**19.** Which one among the following is ***not*** correct about the Secretary General of the Lok Sabha?

*(a)* The Secretary General is the advisor to the Speaker.

*(b)* The Secretary General acts under the authority in the name of the Speaker.

*(c)* The Secretary General works under the Speaker with delegated authority.

*(d)* The Secretary General passes orders in the name of the Speaker.

**20.** Who among the following moved the motion of Secret Sitting Session of the Assembly (1942)?

*(a)* M. S. Aney

*(b)* G. V. Mavalankar

*(c)* C. M. Stephen

*(d)* A. Ayyangar

**21.** राष्ट्रपति के पद की अवधि से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं है**?

*(a)* राष्ट्रपति के पद की अवधि पाँच वर्ष है।

*(b)* राष्ट्रपति को महाभियोग द्वारा पद से हटाया जा सकता है।

*(c)* राष्ट्रपति अपने पद की अवधि समाप्त होने के पूर्व लोक सभा अध्यक्ष को लिखित त्यागपत्र दे सकता है।

*(d)* राष्ट्रपति अपने पद की अवधि समाप्त हो जाने पर भी तब तक पद धारण करता रहेगा, जब तक उसका उत्तराधिकारी अपना पद ग्रहण नहीं कर लेता है।

**22.** निम्नलिखित में से भारत के संविधान के कौन-से अनुच्छेद, मौलिक अधिकारों के अनुच्छेद 14 तथा अनुच्छेद 19 में उल्लिखित प्रावधानों के अपवाद हैं?

*(a)* अनुच्छेद 31A और अनुच्छेद 31C

*(b)* अनुच्छेद 31B और अनुच्छेद 31D

*(c)* अनुच्छेद 12 और अनुच्छेद 13

*(d)* अनुच्छेद 16 और अनुच्छेद 17

**23.** निम्नलिखित में से कौन-सी अधिकार-पृच्छा का आदेश (क्वो वारंटो रिट) जारी करने की आवश्यक शर्त **नहीं** है?

*(a)* पद का सार्वजनिक पद होना आवश्यक है।

*(b)* पद का सृजन कानून द्वारा अथवा स्वयं संविधान द्वारा होना आवश्यक है।

*(c)* पद निश्चित रूप से मूल पद नहीं होना चाहिए।

*(d)* ऐसे व्यक्ति द्वारा वह पद सँभालने से संविधान अथवा कानून का उल्लंघन हुआ है।

**24.** निम्नलिखित में से कौन-सा आयोग अनुच्छेद 338A से संबंधित है?

*(a)* राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग

*(b)* राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग

*(c)* राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग

*(d)* राष्ट्रीय महिला आयोग

**25.** 12 अगस्त किस रूप में मनाया जाता है?

*(a)* विश्व पर्यावरण दिवस

*(b)* विश्व तंबाकू-निषेध दिवस

*(c)* नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध व्यापार के विरोध का अंतर्राष्ट्रीय दिवस

*(d)* अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस

**26.** निम्नलिखित में से किस देश ने उस चक्रवात का नाम 'निसर्ग' दिया था, जिसने जून 2020 में महाराष्ट्र और गुजरात के तटीय क्षेत्रों का विनाश किया था?

*(a)* मालदीव

*(b)* बांग्लादेश

*(c)* थाईलैंड

*(d)* जापान

**27.** इनमें से किसने विख्यात गणितज्ञ के जीवन पर आधारित चलचित्र में शकुंतला देवी का चरित्र निभाया?

*(a)* माधुरी दीक्षित

*(b)* रानी मुखर्जी

*(c)* तब्बू

*(d)* विद्या बालन

**21.** Which one among the following statements pertaining to the President's term of office is ***not*** correct?

*(a)* The President holds office for a term of five years.

*(b)* The President may be removed from the office by way of impeachment.

*(c)* The President may resign before the expiration of his/her term by writing to the Speaker of the Lok Sabha.

*(d)* The President shall, notwithstanding the expiration of his/her term, continue to hold office until his/her successor enters upon his/her office.

**22.** Which of the following Articles in the Constitution of India are exceptions to the Fundamental Rights enumerated in Article 14 and Article 19?

*(a)* Article 31A and Article 31C

*(b)* Article 31B and Article 31D

*(c)* Article 12 and Article 13

*(d)* Article 16 and Article 17

**23.** Which one of the following is ***not*** the necessary condition for the issue of a writ of Quo Warranto?

*(a)* The office must be a public office.

*(b)* The office must be created by the Statute or by the Constitution itself.

*(c)* The office must not be a substantive one.

*(d)* There has been a contravention of the Constitution or a Statute in appropriating such person to that office.

**24.** Which one of the following Commissions is related to Article 338A?

*(a)* The National Commission for Scheduled Castes

*(b)* The National Commission for Scheduled Tribes

*(c)* The National Commission for Backward Classes

*(d)* The National Commission for Women

**25.** August 12 is celebrated as

*(a)* the World Environment Day

*(b)* the World No-Tobacco Day

*(c)* the International Day against Drug Abuse and Illicit Trafficking

*(d)* the International Youth Day

**26.** Which one of the following countries had chosen the name 'Nisarga' for the cyclone which devastated the coastline of Maharashtra and Gujarat in June 2020?

*(a)* Maldives

*(b)* Bangladesh

*(c)* Thailand

*(d)* Japan

**27.** Who among the following played the role of Shakuntala Devi in the biopic movie based on the life of the famous mathematician?

*(a)* Madhuri Dixit

*(b)* Rani Mukherjee

*(c)* Tabu

*(d)* Vidya Balan

**28.** जी० सी० मुर्मु, जिनको अगस्त 2020 में भारत का नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक नियुक्त किया गया था, इसके पूर्व निम्नलिखित में से किस केन्द्रशासित प्रदेश के उपराज्यपाल/प्रशासक थे?

*(a)* लद्दाख

*(b)* जम्मू और कश्मीर

*(c)* चंडीगढ़

*(d)* पुदुचेरी

**29.** निम्नलिखित में से किस राज्य में खेलो इंडिया यूथ गेम्स (चौथा संस्करण) के आयोजन की योजना है?

*(a)* केरल

*(b)* हरियाणा

*(c)* गुजरात

*(d)* मणिपुर

**30.** निम्नलिखित में से कौन-सा प्रवाल-भित्ति द्वीप **नहीं** है?

*(a)* ग्रेट बैरियर रीफ़, ऑस्ट्रेलिया

*(b)* रेनबो रीफ़, फ़िजी

*(c)* स्वराज द्वीप, भारत

*(d)* क्यूशू द्वीप, जापान

**31.** निम्नलिखित में से किस देश के साथ 2014–15 से भारत का निरंतर व्यापार अधिशेष रहा है?

*(a)* चीन

*(b)* सऊदी अरब

*(c)* संयुक्त राज्य अमेरिका

*(d)* जर्मनी

**32.** निम्नलिखित देशों को वैश्विक मानव विकास सूचकांक, 2019 के अनुसार अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

1. जर्मनी
2. संयुक्त राज्य अमेरिका
3. दक्षिण अफ्रीका
4. भारत

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1, 2, 3, 4

*(b)* 1, 3, 2, 4

*(c)* 3, 2, 1, 4

*(d)* 4, 3, 2, 1

**33.** औद्योगिक उत्पादन के सूचकांक (आइ० आइ० पी०) के उपयोग-आधारित वर्गीकरण में सर्वाधिक महत्त्व किसको दिया गया है?

*(a)* प्राथमिक वस्तुएँ

*(b)* मध्यवर्ती वस्तुएँ

*(c)* उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएँ

*(d)* उपभोक्ता गैर-टिकाऊ वस्तुएँ

**34.** साधारणतः माँग वक्र (डिमांड कर्व) में बदलाव नहीं होगा, यदि

*(a)* किसी वस्तु के मूल्य में गिरावट आती है

*(b)* किसी तय मूल्य पर ग्राहक अधिक क्रय करने का इच्छुक होता है

*(c)* औसत आय बढ़ती है

*(d)* जनसंख्या बढ़ती है

**28.** G. C. Murmu, who was appointed as the Comptroller and Auditor General of India in August 2020, was the Lieutenant Governor/Administrator of which one of the following Union Territories prior to this appointment?

*(a)* Ladakh

*(b)* Jammu and Kashmir

*(c)* Chandigarh

*(d)* Puducherry

**29.** Which one of the following States is planned to host the Khelo India Youth Games (4th Edition)?

*(a)* Kerala

*(b)* Haryana

*(c)* Gujarat

*(d)* Manipur

**30.** Which one among the following is ***not*** a coral reef island?

*(a)* Great Barrier Reef, Australia

*(b)* Rainbow Reef, Fiji

*(c)* Swaraj Island, India

*(d)* Kyushu Island, Japan

**31.** Since 2014–15, India has consistently run trade surplus with which one among the following countries?

*(a)* China

*(b)* Saudi Arabia

*(c)* USA

*(d)* Germany

**32.** Arrange the following countries in descending order as per the Global Human Development Index, 2019 :

1. Germany
2. USA
3. South Africa
4. India

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1, 2, 3, 4

*(b)* 1, 3, 2, 4

*(c)* 3, 2, 1, 4

*(d)* 4, 3, 2, 1

**33.** As per the use-based classification of the Index of Industrial Production (IIP), the maximum weight has been assigned to

*(a)* primary goods

*(b)* intermediate goods

*(c)* consumer durables

*(d)* consumer non-durables

**34.** Normally, there will not be a shift in the demand curve when

*(a)* price of a commodity falls

*(b)* consumers want to buy more at any given price

*(c)* average income rises

*(d)* population grows

**35.** ऐसा बाजार, जिसमें बड़ी संख्या में फर्म हैं, समान प्रकार के उत्पाद हैं, किसी एक फर्म की माँग में अंतहीन लचीलापन है तथा मूल्य पर फर्मों का कोई नियंत्रण नहीं है, क्या कहलाता है?

*(a)* अल्पाधिकार

*(b)* अपूर्ण प्रतिस्पर्द्धा

*(c)* एकाधिकारवादी प्रतिस्पर्द्धा

*(d)* संपूर्ण प्रतिस्पर्द्धा

**36.** निम्नलिखित में से ओज़ोन से संबंधित कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

*(a)* वायुमंडल में ओज़ोन अधिकतर 15–55 कि० मी० तक पायी जाती है।

*(b)* गैसों की रासायनिक प्रतिक्रियाओं से ओज़ोन उत्पन्न होती है।

*(c)* 16 नवम्बर, अंतर्राष्ट्रीय ओज़ोन परत संरक्षण दिवस के रूप में मनाया जाता है।

*(d)* ओज़ोन, ऑक्सीजन का एक रूप है, जिसमें ऑक्सीजन के तीन परमाणु आपस में जुड़े होते हैं।

**37.** अज़ोव सागर किससे जुड़ा हुआ है?

*(a)* काला सागर

*(b)* बाल्टिक सागर

*(c)* भूमध्य सागर

*(d)* उत्तरी सागर

**38.** मॉलिब्डेनम का सर्वाधिक उत्पादन करने वाली क्लाइमेक्स खान कहाँ स्थित है?

*(a)* कनाडा

*(b)* संयुक्त राज्य अमेरिका

*(c)* ऑस्ट्रेलिया

*(d)* दक्षिण अफ्रीका

**39.** निम्नलिखित में से कौन-सा भारत का एक संघ राज्यक्षेत्र भौगोलिक क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे छोटा है?

*(a)* चंडीगढ़

*(b)* पुदुचेरी

*(c)* दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव

*(d)* लक्षद्वीप

**40.** ब्यूनस आयर्स और मांटेवीडिओ किस नदी के किनारे बसे हैं?

*(a)* रिवर प्लेट

*(b)* ओरिनोको रिवर

*(c)* पूरुस रिवर

*(d)* मदीरा रिवर

**35.** A market, in which there are a large number of firms, homogeneous product, infinite elasticity of demand for an individual firm and no control over price by firms, is termed as

*(a)* oligopoly

*(b)* imperfect competition

*(c)* monopolistic competition

*(d)* perfect competition

**36.** Which one of the following statements with regard to ozone is ***not*** correct?

*(a)* Ozone is found mostly at 15–55 km in the atmosphere.

*(b)* Ozone is produced by gaseous chemical reactions.

*(c)* 16th November is celebrated as the International Day for the Preservation of the Ozone Layer.

*(d)* Ozone is a form of oxygen in which three oxygen atoms are bounded together.

**37.** Sea of Azov is connected to

*(a)* Black Sea

*(b)* Baltic Sea

*(c)* Mediterranean Sea

*(d)* North Sea

**38.** Climax mine, the largest producer of molybdenum, is located in

*(a)* Canada

*(b)* USA

*(c)* Australia

*(d)* South Africa

**39.** Which one among the following Union Territories of India is the smallest in geographical area?

*(a)* Chandigarh

*(b)* Puducherry

*(c)* Dadra and Nagar Haveli and Daman and Diu

*(d)* Lakshadweep

**40.** Buenos Aires and Montevideo are situated across the banks of

*(a)* River Plate

*(b)* Orinoco River

*(c)* Purus River

*(d)* Madeira River

41. विश्व की विशालतम बैरियर रीफ़ प्रणाली कहाँ स्थित है?

(a) पूर्वी ऑस्ट्रेलियाई तट

(b) पश्चिमी ऑस्ट्रेलियाई तट

(c) उत्तरी ऑस्ट्रेलियाई तट

(d) दक्षिणी ऑस्ट्रेलियाई तट

42. इनमें से किसने 19वीं शताब्दी में *सतपत्र* शृंखला लिखा?

(a) एम० जी० रानाडे

(b) बी० जी० तिलक

(c) बंकिम चंद्र चटर्जी

(d) जी० एच० देशमुख

43. काँग्रेस नरमपंथियों द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सी माँग **नहीं** रखी गयी थी?

(a) सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार

(b) शस्त्र अधिनियम का निरसन

(c) स्थायी बंदोबस्त (सेट्लमेंट) का विस्तार

(d) सेना में भारतीयों के लिये ऊँचे पद

44. इनमें से किसने मोहम्मडन ऐंग्लो-ओरिएंटल डिफ़ेंस एसोसिएशन (1893) की स्थापना की?

(a) ऑकलैंड कोल्विन

(b) बदरुद्दीन तैयबजी

(c) थियोडोर बेक

(d) सर सैयद अहमद ख़ान

45. प्रथम विश्वयुद्ध के उपरांत त्रिवेणी संघ किन्होंने बनाया था?

(a) जाट और गुज्जर

(b) राजपूत और यादव

(c) जाट और यादव

(d) अहीर और कुर्मी

46. इनमें से किसने अक्तूबर 1925 में सबसे पहले सेंट्रल प्रोविंसों में मंत्री पद स्वीकार किया?

(a) बी० एस० मुंजे

(b) एम० आर० जयकर

(c) एस० बी० ताम्बे

(d) बी० एन० सासमल

47. इनमें से किन्होंने नैशनल लिबरेशन फ़ेडरेशन (लिबरल पार्टी) बनाया?

(a) मोतीलाल नेहरू और सी० आर० दास

(b) मोहम्मद अली और सी० आर० दास

(c) टी० बी० सप्रू और एम० आर० जयकर

(d) एम० आर० जयकर और सी० आर० दास

48. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण किस मंत्रालय के अधीन कार्य करता है?

(a) पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन

(b) गृह

(c) वाणिज्य तथा उद्योग

(d) वित्त

**41.** The largest barrier reef system in the world is found at

*(a)* East Australian Coast

*(b)* West Australian Coast

*(c)* North Australian Coast

*(d)* South Australian Coast

**42.** During the 19th century, who among the following wrote *Satapatra* Series?

*(a)* M. G. Ranade

*(b)* B. G. Tilak

*(c)* Bankim Chandra Chatterjee

*(d)* G. H. Deshmukh

**43.** Which one of the following was ***not*** a demand made by the Congress moderates?

*(a)* Universal adult franchise

*(b)* Repeal of the Arms Act

*(c)* Extension of Permanent Settlement

*(d)* Higher jobs for Indians in the army

**44.** Who among the following founded the Mohammedan Anglo-Oriental Defence Association (1893)?

*(a)* Auckland Colvin

*(b)* Badruddin Tyabji

*(c)* Theodore Beck

*(d)* Sir Syed Ahmad Khan

**45.** After the First World War, the Triveni Sangh was formed by

*(a)* the Jats and Gujjars

*(b)* the Rajputs and Yadavs

*(c)* the Jats and Yadavs

*(d)* the Ahirs and Kurmis

**46.** Who among the following was the first to accept a ministerial position in the Central Provinces in October 1925?

*(a)* B. S. Moonje

*(b)* M. R. Jayakar

*(c)* S. B. Tambe

*(d)* B. N. Sasmal

**47.** Who among the following formed the National Liberation Federation (Liberal Party)?

*(a)* Motilal Nehru and C. R. Das

*(b)* Muhammad Ali and C. R. Das

*(c)* T. B. Sapru and M. R. Jayakar

*(d)* M. R. Jayakar and C. R. Das

**48.** The National Disaster Management Authority functions under the Ministry of

*(a)* Environment, Forest and Climate Change

*(b)* Home Affairs

*(c)* Commerce and Industry

*(d)* Finance

**49.** सप्तक्रांति (सात क्रांतियाँ) का समाजवादी विचार किसके द्वारा प्रस्तावित था?

*(a)* राम मनोहर लोहिया

*(b)* जवाहरलाल नेहरू

*(c)* एम० जी० रानाडे

*(d)* जयप्रकाश नारायण

**50.** निम्नलिखित में से कौन-सा धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र का लक्षण **नहीं** है?

*(a)* यह धर्मतंत्र को अस्वीकार करता है।

*(b)* यह धर्म को राष्ट्र से अलग करता है।

*(c)* एक राष्ट्र को धर्मनिरपेक्ष होने के लिए अवश्य ही लोकतांत्रिक होना चाहिए।

*(d)* इसको अवश्य ही धार्मिक संघर्ष रोकना चाहिए और धार्मिक समन्वय बढ़ाना चाहिए।

**51.** राज्यपाल का विशेष अभिभाषण, राज्यपाल द्वारा किस अवसर पर दिये जाने वाले अभिभाषण से संदर्भित है?

*(a)* जब राष्ट्रपति शासन की आवश्यकता हो

*(b)* जब राष्ट्रीय आपात स्थिति में विधान सभा का भंग आवश्यक हो

*(c)* आम चुनाव के बाद बुलाये गये प्रथम सत्र के आरम्भ में तथा प्रत्येक वर्ष के प्रथम सत्र पर

*(d)* जब वह इसकी आवश्यकता समझे

**52.** निम्नलिखित में से पंचायतों से संबंधित कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

*(a)* किसी राज्य का विधानमण्डल पंचायतों की संरचना के संदर्भ में, विधि द्वारा, उपबंध कर सकता है।

*(b)* पंचायत क्षेत्र का अर्थ है पंचायत का प्रादेशिक क्षेत्र।

*(c)* ग्राम सभा में पंचायत के अंतर्गत गाँव की मतदाता सूची में आने वाले सभी व्यक्ति सम्मिलित होते हैं।

*(d)* अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लिए स्थान (सीट) का आरक्षण जनसंख्या में उनके अनुपात से बिलकुल संबंधित नहीं है।

**53.** 'संरक्षी लोकतंत्र' से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

*(a)* यह प्रस्तुत करता है कि लोकतंत्रों में नागरिक भागीदारी अनिवार्य है।

*(b)* नागरिकों को स्वयं को सरकारी अतिक्रमण से सुरक्षित रखने में सक्षम होना चाहिए।

*(c)* यह हस्तक्षेप-रहित (लैसेज़-फेयर) पूँजीवाद के सुसंगत है।

*(d)* औपचारिक संदर्भ में राजनीतिक समानता को समान मताधिकार समझा जा सकता है।

**54.** अगस्त 2020 में बेरूत में एक धमाका हुआ है, जिसमें लगभग सौ लोगों की जान गयी है और हजार घायल हुए हैं। यह धमाका किससे हुआ?

*(a)* डायनामाइट

*(b)* अमोनियम नाइट्रेट

*(c)* आर० डी० एक्स०

*(d)* मरकरी नाइट्राइड

**49.** The socialist idea of *Sapta Kranti* (Seven Revolutions) was proposed by

*(a)* Ram Manohar Lohia

*(b)* Jawaharlal Nehru

*(c)* M. G. Ranade

*(d)* Jayaprakash Narayan

**50.** Which one among the following is ***not*** a character of a secular State?

*(a)* It refuses theocracy.

*(b)* It separates religion from the State.

*(c)* A State in order to be secular must be democratic.

*(d)* It must prevent religious conflict and promote religious harmony.

**51.** A special address by the Governor refers to the address delivered by the Governor

*(a)* when President's Rule is called for

*(b)* when a national emergency necessitates dissolution of Legislative Assembly

*(c)* at the commencement of the first session after general election and at the first session of each year

*(d)* whenever he/she has concluded that such is necessary

**52.** Which one of the following statements in relation to Panchayats is ***not*** correct?

*(a)* Legislature of a State may, by law, make provisions with respect to the composition of Panchayats.

*(b)* Panchayat area means the territorial area of a Panchayat.

*(c)* Gram Sabha includes all persons in the electoral rolls of village within a Panchayat.

*(d)* Reservation of seats for SCs and STs has nothing to do with proportion of their population.

**53.** Which one of the following statements with regard to 'protective democracy' is ***not*** correct?

*(a)* It propounds that citizen participation is essential in democracies.

*(b)* Citizens must be able to protect themselves from governmental encroachments.

*(c)* It is compatible with *laissez-faire* capitalism.

*(d)* Political equality is understood in formal terms as equal voting rights.

**54.** In August 2020, a blast has taken place at Beirut killing about one hundred people and thousand wounded. The blast was caused by

*(a)* dynamite

*(b)* ammonium nitrate

*(c)* RDX

*(d)* mercury nitride

**55.** 'लिटिल बॉय' क्या है?

*(a)* हिरोशिमा पर गिराया गया विखंडनशील बम

*(b)* नागासाकी पर गिराया गया संलयन बम

*(c)* अमरीका द्वारा परीक्षित प्रथम नाभिकीय बम

*(d)* उत्तरी कोरिया द्वारा परीक्षित प्रथम नाभिकीय बम

**56.** निम्नलिखित में से किस भारतीय संस्थान को भारत के औषधि महानियंत्रक द्वारा ऑक्सफ़ोर्ड-एस्ट्राजेनेका कोविड-19 टीके के मानव परीक्षण करने की स्वीकृति दी गयी?

*(a)* भारत बायोटेक

*(b)* ए० आइ० आइ० एम० एस०

*(c)* भारतीय सीरम संस्थान (सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया)

*(d)* राष्ट्रीय महामारी-विज्ञान संस्थान (नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ एपिडेमियोलॉजी)

**57.** बागजन में ओ० आइ० एल० के कुएँ के निकट हाल का विस्फोट किस कारण हुआ?

*(a)* आग बुझाते समय चरखी (स्पूल) को हटाने के कारण

*(b)* डिपो से तेल का पाइपलाइन में स्थानांतरण के कारण

*(c)* मिथाइल आइसोसायनाइड के रिसाव के कारण

*(d)* रेडियोधर्मी पदार्थों से विकिरण के रिसाव के कारण

**58.** इनमें से कौन अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर का वास्तुकार है?

*(a)* पी० ओ० सोमपुरा

*(b)* चंद्रकांत सोमपुरा

*(c)* बृन्दा सौम्या

*(d)* बी० वी० दोशी

**59.** निम्नलिखित में से कौन-सा देश मकर रेखा पर स्थित **नहीं** है?

*(a)* चिली

*(b)* ब्राज़ील

*(c)* पैराग्वे

*(d)* उरुग्वे

**60.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| **सूची–I (सक्रिय ज्वालामुखी)** | **सूची–II (स्थान)** |
|---|---|
| A. माउंट मेरापी | 1. हवाई |
| B. सकूराजिमा | 2. इटली |
| C. माउंट वेसूवियस | 3. जापान |
| D. मौना लोआ | 4. इंडोनेशिया |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 1 | 2 | 3 | 4 |
| *(b)* | 1 | 3 | 2 | 4 |
| *(c)* | 4 | 2 | 3 | 1 |
| *(d)* | 4 | 3 | 2 | 1 |

**55.** What is 'Little Boy'?

*(a)* The fission bomb dropped at Hiroshima

*(b)* The fusion bomb dropped at Nagasaki

*(c)* The first nuclear bomb tested by America

*(d)* The first nuclear bomb tested by North Korea

**56.** Which one of the following Indian institutes was approved by the Drugs Controller General of India for conducting human trials of the Oxford-AstraZeneca Covid-19 vaccine candidate?

*(a)* Bharat Biotech

*(b)* AIIMS

*(c)* Serum Institute of India

*(d)* National Institute of Epidemiology

**57.** The recent explosion near OIL well in Baghjan is due to

*(a)* removing the spool during the blowout control operations

*(b)* transfer of oil from its depot to a pipeline

*(c)* the leakage of methyl isocyanide

*(d)* the leakage of radiations from radioactive substance

**58.** Who among the following is the architect of the Ram Temple being constructed at Ayodhya?

*(a)* P. O. Sompura

*(b)* Chandrakant Sompura

*(c)* Brinda Somaya

*(d)* B. V. Doshi

**59.** Which one of the following countries is ***not*** located on the Tropic of Capricorn?

*(a)* Chile

*(b)* Brazil

*(c)* Paraguay

*(d)* Uruguay

**60.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List–I (Active Volcano)* | *List–II (Location)* |
|---|---|
| A. Mount Merapi | 1. Hawaii |
| B. Sakurajima | 2. Italy |
| C. Mount Vesuvius | 3. Japan |
| D. Mauna Loa | 4. Indonesia |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 1 | 2 | 3 | 4 |
| *(b)* | 1 | 3 | 2 | 4 |
| *(c)* | 4 | 2 | 3 | 1 |
| *(d)* | 4 | 3 | 2 | 1 |

**61.** निम्नलिखित में से कौन-सी प्रमुख विवर्तनिक प्लेट **नहीं** है?

(a) सऊदी अरब प्लेट

(b) अंटार्कटिका तथा चारों ओर की सामुद्रिक प्लेट

(c) भारत-ऑस्ट्रेलिया-न्यूज़ीलैंड प्लेट

(d) प्रशांत प्लेट

**62.** निम्नलिखित में से किसको समुद्रों का सबसे गहरा बिंदु माना जाता है?

(a) टोंगा खाई

(b) मरियाना खाई

(c) फ़िलीपीन खाई

(d) केरमाडेक खाई

